यूटीयू में विकसित भारत-2047 कांक्लेव आज, शिक्षाविद करेंगे मंथन

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माणो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) में शनिवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस को लेकर विकसित भारत एट-2047 विषय पर आयोजित कांक्लेव में शिक्षा, स्वास्थ्य, सेना, न्यायधीश एवं विशेषज्ञ अपनी राय रखेंगे।

झाझरा स्थित विवि के सभागार में आयोजित कांक्लेव का उद्घाटन तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहसपुर के विधायक शहदेव पुंडीर करेंगे। यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि कांक्लेव में हाईकोर्ट इलाहाबाद से सेवानिवित्त न्यायधीश जस्टिस मेहबूब अली, इंडियन मिलेट्री एकेटमी के पूर्व कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल जेएस नेगी (सेनि), संस्कृत विवि हरिद्वार की पूर्व कुलपति प्रो. सुधारानी पांडे, पद्मश्री डा. बीकेएस संजय, स्पेंडम ईसीजी मशीन स्टार्टअप से प्रसिद्ध हुए युवा उद्यमी सनफोक्स टेक्नोलाजीज के रजत जैन आदि विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे।